C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

(1)

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 311 | बिजौलिया - गुरुवार, 21 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## फेस रिकग्निशन और क्यूआर सिस्टम से श्रीनाथजी मंदिर की दर्शन व्यवस्था हुई हाईटेक

### अवैध वसूली और रसीदों की ब्लैक मार्केटिंग पर लगी रोक, श्रद्धालुओं को मिल रही पारदर्शी सुविधा

**भीलवाड़ा फोकस @ नाथद्वारा।**

श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन व्यवस्था को आधुनिक तकनीक के माध्यम से अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाया जा रहा है। मंदिर मंडल द्वारा फेस रिकग्निशन सिस्टम और क्यूआर कोड आधारित टर्न स्टाइल गेट्स की नई व्यवस्था लागू किए जाने के बाद श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलने लगी हैं। नई तकनीक से अवैध वसूली और मनोरथ रसीदों के दुरुपयोग पर भी प्रभावी रोक लगी है।

मुख्य निष्पादन अधिकारी कार्यालय में आयोजित दर्शन सर्वांगीण विकास समिति की बैठक में समिति सदस्यों ने नई डिजिटल दर्शन व्यवस्था का पुनर्निरीक्षण किया। बैठक में बताया गया कि पहले कुछ लोग श्रद्धालुओं को गुमराह कर दर्शन के नाम पर अवैध वसूली करते थे तथा मनोरथ भेंट की रसीदों का गलत इस्तेमाल कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचने की शिकायतें सामने आती थीं। इससे मंदिर को आर्थिक नुकसान पहुंचता था और वास्तविक श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता था। मंदिर मंडल के सीईओ जितेंद्र कुमार



पंड्या ने बताया कि फेस रिकग्निशन सिस्टम लागू होने के बाद वास्तविक मनोरथी की पहचान तुरंत हो जाती है, जिससे रसीदों के अवैध हस्तांतरण और ब्लैक मार्केटिंग पर पूरी तरह रोक लगी है। वहीं क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था से दर्शन प्रक्रिया अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनी है।

समिति सदस्यों ने माना कि नई तकनीक लागू होने के बाद दर्शन व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है, श्रद्धालुओं का विश्वास मजबूत हुआ है तथा मंदिर की आय में भी इजाफा देखने को मिला है। मंदिर मंडल का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सरल, सुरक्षित और सम्मानजनक दर्शन सुविधा उपलब्ध कराना है।

## भीलवाड़ा को जल्द मिलेगा ट्रैफिक जाम से बड़ा राहत तोहफा

### 116 करोड़ का रामधाम आरओबी मंजूर, अगले 6 माह में शुरू हो सकता है निर्माण कार्य



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

राजस्थान के औद्योगिक शहर भीलवाड़ा को जल्द ही ट्रैफिक जाम की बड़ी समस्या से राहत मिलने जा रही है। चित्तौड़ रोड स्थित रामधाम क्षेत्र में प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज आरओबी को रेलवे बोर्ड ने अंतिम मंजूरी दे दी है। करीब 116 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट शहर के ट्रैफिक सिस्टम को नया स्वरूप देगा और विकास की रफ्तार को तेज करेगा।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद दामोदर अग्रवाल के लगातार प्रयासों और रेलवे मंत्रालय स्तर पर की गई प्रभावी पैरवी के बाद रेलवे बोर्ड ने इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। शहरवासियों को लंबे समय से रामधाम रेलवे फाटक पर लगने वाले भारी जाम से जूझना पड़ रहा था। फाटक बंद होने पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं, जिससे आमजन, व्यापारियों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी होती थी। अब इस ओवरब्रिज के बनने से लोगों को स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है।

सांसद अग्रवाल ने बताया कि रेलवे द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर और लागत का पूरा आकलन पहले ही तैयार किया जा चुका है। लगभग 750 मीटर लंबे इस आरओबी पर करीब 116 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। रेलवे बोर्ड से अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद अब वित्तीय स्वीकृतियों और टेंडर प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के ऑनलाइन आवेदन अगले सप्ताह से

### 56 हजार बुजुर्गों को मिलेगा मुफ्त तीर्थ यात्रा का लाभ, 5 जून को गुजरात के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

देवस्थान विभाग की ओर से संचालित 'वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2026-27' के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू की जाएगी। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय पोर्टल 15 दिनों के लिए खोलने के निर्देश दिए गए।

योजना के तहत इस वर्ष कुल 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। इनमें 50 हजार यात्रियों को रेल मार्ग तथा 6 हजार को हवाई यात्रा का लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा बजट में की गई घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति पर भी चर्चा की गई।



बैठक में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा' की तैयारियों की समीक्षा भी की गई। इसके तहत 5 जून 2026 को जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से विशेष धार्मिक पर्यटक ट्रेन रवाना होगी। ट्रेन में प्रदेशभर के करीब एक हजार वरिष्ठजन गुजरात स्थित द्वारका, नागेश्वर और सोमनाथ के दर्शन करेंगे। यात्रा के दौरान अजमेर और आबू रोड रेलवे स्टेशन पर भी ठहराव रहेगा, जहां यात्रियों की बोर्डिंग की व्यवस्था की जाएगी।

यात्रा कार्यक्रम के अनुसार 6 जून को ट्रेन सोमनाथ पहुंचेगी, जहां श्रद्धालुओं के ठहरने और स्थानीय धार्मिक स्थलों के भ्रमण की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद 8 जून को द्वारका पहुंचकर यात्रियों को द्वारकाधीश मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। विशेष ट्रेन 10 जून को जयपुर लौटेगी।

मंत्री कुमावत ने बताया कि विशेष ट्रेन में 14 वातानुकूलित कोच, दो पावर कार और एक पैंट्री कार लगाई जाएगी। यात्रा के दौरान भोजन, होटल में ठहरने, स्थानीय परिवहन और भ्रमण की सभी व्यवस्थाएं देवस्थान विभाग की ओर से की जाएंगी। सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ट्रेन में एक प्रभारी, प्रत्येक कोच में दो अनुदेशक, एक डॉक्टर तथा दो नर्सिंग कर्मचारी तैनात रहेंगे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सरल और सुगम हो ताकि वरिष्ठ नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही यात्रा के दौरान सुरक्षा, चिकित्सा, भोजन और ठहरने की व्यवस्थाएं उच्च स्तर की सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में देवस्थान विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी, अतिरिक्त आयुक्त गितेश मालवीय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि प्रदेशभर के सहायक आयुक्त वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

## अवैध बजरी खनन पर पुलिस की कार्रवाई ,ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त




**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए कोठारी नदी क्षेत्र से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस की कार्रवाई से बजरी परिवहन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने बताया कि 20 मई को बड़लियास पुलिस ने सरहद कंवलियास स्थित कोठारी नदी क्षेत्र में दबिश देकर अवैध बजरी परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

कार्रवाई में एएसआई प्यार चंद, कांस्टेबल संदीप कुमार एवं कांस्टेबल नरेश कुमार की विशेष भूमिका रही।

## कोटा थर्मल प्लांट में घुसा भालू, एक घंटे तक यूनिट में मची अफरा-तफरी

### एमओटी रूम तक पहुंचा जंगली जानवर, स्टाफ ने भागकर बचाई जान

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित।** थर्मल पावर प्लांट में बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक भालू अचानक प्लांट परिसर में घुस गया। भालू करीब एक घंटे तक यूनिट नंबर-6 में दौड़ता रहा, जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों में दहशत फैल गई। स्टाफ ने सुरक्षित स्थानों पर जाकर अपनी जान बचाई।

थर्मल सूत्रों के अनुसार सुबह करीब 4 बजे भालू वैक्यूम पंप की तरफ से प्लांट में दाखिल हुआ। इसके बाद वह सीईपी क्षेत्र से होता हुआ एमओटी रूम के आसपास घूमता रहा। एमओटी रूम में ऑपरेटर ड्यूटी पर मौजूद रहते हैं। घटना के समय करीब 10 से 12 कर्मचारी यूनिट में कार्यरत थे। भालू को देखते ही सभी कर्मचारी घबरा गए और सुरक्षित स्थानों पर चले गए।

करीब एक घंटे तक यूनिट क्षेत्र में घूमने के बाद भालू कर्मचारियों के शोर मचाने पर वापस बाहर निकल



गया। घटना के बाद कर्मचारियों में भय का माहौल बना रहा।

राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राम सिंह शेखावत ने बताया कि थर्मल प्लांट परिसर में जंगली जानवरों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। इस संबंध में कई बार वन विभाग को सूचना भी दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले यूनिट नंबर-3 और 4 के पास पैंथर भी देखा गया था।

कर्मचारी संघ ने थर्मल प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने तथा प्रत्येक यूनिट के गेट पर सुरक्षा गार्ड तैनात करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## किशनगढ़ में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

थाना क्षेत्र के किशनगढ़ गांव में बुधवार को एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल छा गया तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए।

जानकारी के अनुसार किशनगढ़ निवासी अर्जुन सिंह पुत्र बुधराज सिंह (30) ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा तुरंत शक्करगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को अपने कब्जे में लिया। हेड कॉन्स्टेबल सियाराम मीणा ने बताया कि पुलिस द्वारा आवश्यक



कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

## ट्रेडिंग के नाम पर हुई साइबर ठगी में भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी सफलता

### 31 लाख की ठगी में से 20.85 लाख रुपए पीड़ित के खाते में करवाए रिफंड

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुलिस ने ट्रेडिंग और ऑनलाइन निवेश के नाम पर हुई साइबर ठगी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात ठगों द्वारा की गई 31 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी में से 20 लाख 85 हजार रुपए होल्ड करवाकर पीड़ित के खाते में रिफंड करवा दिए।जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में साइबर थाना भीलवाड़ा में दर्ज साइबर धोखाधड़ी की शिकायत पर कार्रवाई की गई। मामले की जांच साइबर थाना प्रभारी आयुष क्षोत्रिय के सुपरविजन में कांस्टेबल बाबूलाल द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की सुभाषनगर निवासी भरत सिंह चुण्डावत ने साइबर हेल्पलाइन पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि अज्ञात लोगों ने ऑनलाइन निवेश और अधिक मुनाफे का लालच देकर उनसे विभिन्न बैंक खातों में करीब 31 लाख 50 हजार रुपए जमा करवा लिए और बाद में साइबर ठगी का शिकार बना लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एनसीआरपी पोर्टल 1930 पर शिकायत अपडेट कर विभिन्न बैंकों के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया। पुलिस ने ठगी गई राशि में से 20 लाख 85 हजार रुपए फ्रिज करवा लिए। इसके बाद माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त कर यह राशि पीड़ित के बैंक खाते में रिफंड करवाई गई।

पुलिस टीम में साइबर थाना प्रभारी आयुष क्षोत्रिय तथा कांस्टेबल बाबूलाल की विशेष भूमिका रही।

C M Y K

# शोक सभा में जा रहे दादा-पोते को लोडिंग टेंपो ने मारी टक्कर, पोता घायल, दादा की मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव ।** नेशनल हाईवे-758 पर सुवाणा चौराहे के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि उसका पोता घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

सदर थाना एएसआई चेतन लाल ने बताया कि कांदा निवासी भैरूलाल जाट (75) अपने पोते शिवराज के साथ स्कूटी से सुवाणा गांव में एक शोक सभा में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान सुवाणा चौराहे पर बालाजी के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक लोडिंग टेंपो ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में भैरूलाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पोते शिवराज को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल भैरूलाल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उदयपुर रेफर किया गया। लेकिन गंगापुर के पास रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। बाद में शव को वापस जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां बुधवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई।

# एमजी चिकित्सालय में वेतन विवाद को मिला विराम अधीक्षक डॉ. अरुण गोड़ ने मानवीय दृष्टिकोण से किया समाधान



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

महात्मा गांधी चिकित्सालय में पिछले तीन माह से लंबित वेतन विवाद का समाधान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण गोड़ की सूझबूझ और संवेदनशीलता से हो गया। राजस्थान नर्सेज यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में बुधवार दोपहर 1 बजे सभी नर्सिंग कार्मिक अचानक अपना कार्य छोड़कर अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज के 86 नर्सिंग कर्मचारियों के पिछले तीन माह से लंबित वेतन की मांग को लेकर अड़ गए। कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा कि 'वेतन या काम, दोनों में से एक ही होगा।' स्थिति की गंभीरता को समझते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण गोड़ ने तत्काल पहल की और एक माह का वेतन शीघ्र जारी करवाने पर सहमति बनाई। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के अकाउंटेंट से भी चर्चा कर वेतन आहरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने के पुख्ता इंतजाम किए। इसके साथ ही यूनियन पदाधिकारियों के लंबित सरेंडर और एरियर के मुद्दे पर भी डॉ. गौड़ ने आश्वासन दिया कि इसके लिए बजट की मांग कर दी गई है। वेतन वितरण के बाद यदि बजट उपलब्ध रहता है तो एरियर और सरेंडर का भुगतान भी जल्द कराया जाएगा। जिला प्रवक्ता गिरिराज लढा ने बताया कि सभी मेडिकल कॉलेज नर्सिंग कर्मियों ने चिकित्सा अधीक्षक और राजस्थान नर्सेज यूनियन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष ललित जीनगर, उपाध्यक्ष करण सिंह सिसोदिया सहित कई पदाधिकारी व नर्सेजकर्मी उपस्थित रहे।

# मानसिक तनाव में बेटी संग कुएं में कूदी विवाहिता, ग्रामीणों ने बचाई जान



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

मोड़ का निंबाहेड़ा कस्बे में पारिवारिक कलह से परेशान एक विवाहिता अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी को लेकर खेत स्थित गहरे कुएं में कूद गई। समय रहते ग्रामीणों ने साहस और सूझबूझ दिखाते हुए मां-बेटी दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी हीरालाल माली की पुत्री मंशा माली (23) मंगलवार दोपहर अपनी मासूम बेटी हर्षिता के साथ घर से खेत की ओर निकली थी। बताया जा रहा है कि घटना से पहले उसने अपने व्हाट्सएप पर ऐसा स्टेटस लगाया, जिससे परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद परिवार के लोग उसकी तलाश में जुट गए।

खोज करते हुए परिजन खेत पर पहुंचे तो कुएं के पास मंशा की चप्पलें दिखाई दीं। आशंका होने पर ग्रामीणों को मौके पर बुलाया गया और कुएं में आवाज लगाई गई। कुछ देर बाद अंदर से आवाज आने पर सभी के होश उड़ गए। ग्रामीण तुरंत रस्सियों के सहारे कुएं में उतरे। अंदर मंशा अपनी बेटी को सीने से लगाए कुएं की दीवार से निकली चट्टान को पकड़कर बैठी मिली। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय पटवारी नारायण कुमावत भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ राहत कार्य में जुट गए। करीब चार घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद मां और बेटी दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाहर लाने के बाद दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया। बच्ची को हल्की चोटें आई हैं, जबकि महिला की हालत भी सामान्य बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कुएं में पानी कम होने से बड़ा हादसा टल गया।

परिजनों के अनुसार मंशा का विवाह हरिपुरा गांव निवासी रतनलाल माली से हुआ था। लंबे समय से पति-पत्नी और दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा था। महिला ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि आटा-साटा विवाह को लेकर विवाद काफी समय से बना हुआ था।

ग्रामीणों ने बताया कि घटना से एक दिन पहले ही समाज की पंचायत में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया था, लेकिन तनाव कम नहीं हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

# मनरेगा महिलाओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र द्वारा नरेगा कार्मिकों को दी विभागीय योजनाओ की जानकारी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

गेंदलिया व तस्वारिया में बुधवार को मनरेगा महिलाओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक श्री नगेन्द्र कुमार तोलम्बिया ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता व बेटियो की शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में समझाया गया व सरकारी लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी व मौसमी बीमारियों व उपचार के बारे में जानकारी दी।

विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल ने महिलाओं को बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, घरेलु हिंसा से संरक्षण, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम ,महिला हेल्पलाईन 181, वन स्टॉप सेन्टर वर्क फ्रॉम हॉम योजना के बारे में जानकारी दी।

सामाजिक परामर्शदाता सीमा शर्मा ने महिला उद्यम प्रोत्साहन योजना व महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं समाज में लैंगिक भेदभाव जैसी कुरीतियों के विरूद्व आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया तथा महिलाओं ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रश्न पुछे जिनका मौके पर समाधान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं श्रमिको को मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक सामंजस्य, तनाव प्रबंधन तथा सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया

# कृषि महोत्सव तथा सन्तुलित उर्वरकों के उपयोग समन्वित कृषि प्रणाली विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

## वैज्ञानिक तरीके से खेती करें किसान -डॉ. प्रताप सिंह




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कृषि विज्ञान केन्द्र पर कृषि महोत्सव तथा सन्तुलित उर्वरकों के उपयोग एवं समन्वित कृषि प्रणाली विषय पर प्रशिक्षण बुधवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि डॉ. प्रताप सिंह-कुलगुरू, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर ने बताया कि किसान के पास खेती के अतिरिक्त और कोई विकल्प नही है तथा खेती ही उनके लिए व्यवसाय है अतः किसान भाई वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अपनी आमदनी बढ़ाये।

डॉ. सिंह ने खेती में आने वाली समस्याओं एवं प्राकृतिक आपदाओं पर चर्चा करते हुए खाद एवं उर्वरकों का सही समय पर एवं सही मात्रा में उपयोग करने की आवश्यकता प्रतिपादित की साथ ही बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों के उन्नयन का प्रमुख केन्द्र है जो किसानों के हित की दिशा में कार्य करता है। उन्होंने जैविक खेती, प्राकृतिक खेती के प्रमुख अवयव जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नि अस्त्र के बारे में बताया। डॉ. सिंह ने उन्नत किस्म के बीज, सहजन उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण, समन्वित कृषि प्रणाली, वर्मीकम्पोस्ट पर विस्तार से चर्चा की।

विशिष्ट अतिथि डॉ. जे. एस. सन्धू, पूर्व उपमहानिदेशक-भा. अनुप, नई दिल्ली ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्त्व एवं उपयोगिता पर चर्चा करते हुए गोबर गैस प्लान्ट की स्थापना, फसल चक्र, हरी खाद के बारे में बताया साथ ही कृषि में तकनीकी के समावेश द्वारा अधिक आमदनी प्राप्त करने का सुझाव दिया।

डॉ. आर. एल. सोनी, निदेशक प्रसार शिक्षा, उदयपुर ने जमीन को जीवन का आधार बताते हुए जमीन को भविष्य की कड़ी बताया साथ ही कृषि में कार्बनिक खाद, नवाचार, पशुओं की उन्नत नस्लें, कृषि में मशीनीकरण, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, द्वारा अधिक आय प्राप्त करने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. यादव ने केन्द्र की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए बताया कि किसान भाई कृषि विज्ञान केन्द्र के निरन्तर सम्पर्क में रहते हुए कृषक हितार्थ संचालित योजनाओं का संवैधानिक तरीके से लाभ लेवें। कृषि महाविद्यालय भीलवाड़ा के पूर्व डीन एवं विशेषाधिकारी डॉ. एस. डी. धाकड़ ने जैविक खेती के महत्त्व पर जोर देते हुए आवश्यकतानुसार ही खाद एवं उर्वरक देने की बात कही। डॉ. धाकड़ ने पशु एवं जानवर में अन्तर स्पष्ट करते हुए गाय के गोबर एवं मूत्र के सदुपयोग पर बल दिया। डॉ. लालाराम चैधरी, क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक उर्वरकों का अन्धाधुन्ध उपयोग नही करने एवं वेस्ट डिकम्पोजर के उपयोग द्वारा जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने का सुझाव दिया।

मीव किसान बाजार कृषक उत्पादक संगठन के निदेशक महावीर शर्मा ने एफपीओ के गठन एवं प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। प्रबन्ध कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य विष्णु कुमार पारीक ने समन्वित कृषि प्रणाली द्वारा आजिविका बढ़ाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में जहाजपुर पंचायत समिति के गाँव नवरतनपुरा के किसानों को टीएसपी योजनान्तर्गत मिनी ऑयल मिल प्रदर्शन के रूप में दी गई साथ ही प्रतापधन मुर्गी के चूजे एवं नेपियर घास के प्रदर्शन भी दिए गए।

कार्यक्रम में डॉ. राजेश जलवानियां, डॉ. एच.एल. बुगालिया, डॉ. लालचन्द, अजीत सिंह राठौड़, नन्दलाल सेन ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में माण्ड़ल, करेडा, जहाजपुर एवं माण्ड़लगढ़ ब्लॉक के 135 कृषक एवं कृषक महिलाओं की सहभागिता रही।

# ऑनलाइन फार्मेसी और नकली दवाओं के खिलाफ बड़ा विरोध, सौपा ज्ञापन, 1250 मेडिकल स्टोर रहे बंद

## केमिस्ट और दवा व्यापारियों की सांकेतिक हड़ताल, 20 करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भीलवाड़ा में देशव्यापी आह्वान पर जिले भर में केमिस्ट और दवा व्यापारियों ने सांकेतिक हड़ताल दी है। इसके तहत भीलवाड़ा जिले भर के 1250 केमिस्ट शॉप और मेडिकल शॉप पूर्ण रूप से बंद है। यह हड़ताल कल रात 12.00 बजे से शुरू हुई जो आज रात 12.00 तक जारी रहेगी। इस दौरान उन्होंने ई फार्मेसी और ई फार्मेसी में डीप डिस्काउंट का विरोध किया। वहीं व्यापारियों ने सूचना केंद्र चौराहे पर प्रदर्शन भी किया और बाद में रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जिला कलेक्टर को तीन सूत्रों में ज्ञापन दिया। भीलवाड़ा जिला केमिस्ट संस्था जिलाध्यक्ष पवन व्यास ने कहा कि भीलवाड़ा में आज जिले भर में संपूर्ण दावा व्यापार बंद है भीलवाड़ा जिले के 1250 केमिस्ट व्यापारियों ने इस हड़ताल का समर्थन दिया है। यह हड़ताल कल रात 12.00 बजे से शुरू हुई जो आज रात 12.00 तक जारी रहेगी। आज भीलवाड़ा जिले में सभी मेडिकल और केमिस्ट शॉप बंद है और हमने सूचना केंद्र पर प्रदर्शन करके रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे हैं जहां हमने जिला कलेक्टर को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया है बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री, फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन, बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श के घर-घर दवा वितरण व दीप डिस्काउंट जैसी गतिविधियाँ करोड़ों मरीजों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं। देशभर के लाखों लाइसेंसधारी छोटे केमिस्ट एवं दवा व्यापारियों पर बुरा असर पड़ रहा है सभी नियम लाइसेंस धारी छोटे केमिस्ट को दवा व्यापारियों पर है लेकिन ऑनलाइन बिक्री करने वाले ई फार्मेसी पर नहीं है। हमने मांग की है कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरुद्ध तत्काल एवं कठोर कार्यवाही की जाए। बिना वैध एवं सत्यापित ई प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री एवं होम डिलीवरी पूर्णतः प्रतिबंधित की जाए। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा अपनाई जा रही अत्यधिक छूट नीति पर रोक लगाई जाए। व्यापारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।




QUICK BITES

## राजनीति की खींचतान में पिछड़ी ग्राम पंचायत पडेर, विकास कार्य ठप

**गंदगी, बंद रोड लाइट और अटकी योजनाओं से ग्रामीण परेशान, प्रशासक ने लगाए गंभीर आरोप**

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



**गजानंद जोशी ।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पडेर इन दिनों राजनीतिक खींचतान के चलते विकास कार्यों के ठप होने से चर्चा में है। पंचायत क्षेत्र में गंदगी का आलम ऐसा है कि गली-मोहल्लों से लेकर चौक-चौराहों तक कचरे के ढेर नजर आ रहे हैं। वहीं कई स्थानों पर रोड लाइटें बंद पड़ी होने से रात के समय अंधेरा छाया रहता है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में लंबे समय से मनरेगा (जीरामजी) जैसी महत्वपूर्ण रोजगार योजनाओं का लाभ भी लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा पंचायत स्तर के कई जरूरी कार्य और कागजी प्रक्रियाएं भी लंबित पड़ी हैं, जिससे आमजन परेशान हैं।

इस पूरे मामले को लेकर ग्राम पंचायत प्रशासक ममता मुकेश जाट ने राजनीतिक मतभेदों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के चलते ग्राम पंचायत की वित्तीय लेनदेन आईडी बंद करवा दी गई है, जिसके कारण विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सचिव भी पंचायत कार्यों में रुचि नहीं ले रहे और समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं।

प्रशासक ने कहा कि छोटी राजनीतिक खींचतान का खामियाजा सीधे ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। सफाई व्यवस्था से लेकर विकास कार्यों और पंचायत संबंधी आवश्यक सेवाओं तक सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

वहीं ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधाओं के लिए चुना जाता है, न कि पंचायत के विकास को बाधित करने के लिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर पंचायत की व्यवस्थाओं को सुचारू कराने की मांग की है।

## रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की बैठक संस्थापक अध्यक्ष निशा कंवर गौड, संरक्षक वनिता कंवर पंवार के नेतृत्व में व जिलाध्यक्ष सुनीता कंवर राठौड़ की अध्यक्षता में सब्जी मंडी स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष सुनीता कंवर राठौड़ ने बताया कि संगठन के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जल्द ही संगठन की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा जिला प्रवक्ता सुनीता कंवर जादू ने बताया कि भारत सरकार द्वारा होने वाली जनगणना में जाति कॉलम में समाजबंधुओं को जागरूक कर रावणा राजपूत अंकित करवाने के लिए संगठन द्वारा अभियान चलाया जायेगा।समाज में महिला जागरूकता के प्रयास किए जाएंगे। संगठन द्वारा समाज की निर्धन बालिकाओं की शिक्षा में सहयोग करने का भी निर्णय लिया।समाज की बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए शिविर का आयोजन भी जल्द ही किया जायेगा। समाज की मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाए के लिए सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान संगठन महामंत्री नीलम कंवर सोलंकी, उपाध्यक्ष सीमा कंवर पंवार, सोनम कंवर पंवार, कोषाध्यक्ष स्वीटी कंवर कानावत सांस्कृतिक मंत्री मंजू कंवर सिसोदिया, संध्या कंवर, मनोज कंवर सहित कई पदाधिकारीगण मौजूद रहे ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भगवान श्रीराम का अवतार धर्म स्थापना और मानव कल्याण के लिए हुआ : महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन

**श्रीराम जन्मोत्सव पर भक्ति में डूबे श्रद्धालु, 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंजा सभागार**

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर परिसर में चल रहे पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में मनाया गया। कथा के चौथे दिन हरिद्वार स्थित हरिहर भागवत धाम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन ने व्यासपीठ से भगवान श्रीराम के अवतार का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का अवतार धर्म की स्थापना और मानव कल्याण के लिए हुआ था।

उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म, अत्याचार और अन्याय बढ़ता



है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की रक्षा करते हैं। त्रेता युग में रावण के अत्याचारों से पृथ्वी व्याकुल हो उठी थी, तब भगवान विष्णु ने अयोध्या में महाराजा दशरथ के यहां श्रीराम के रूप में अवतार लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक राजा नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य, त्याग, करुणा और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। उनका जीवन समाज को कर्तव्य, परिवार और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।

कथा के दौरान जैसे ही श्रीराम जन्म का प्रसंग आया, पूरा सभागार 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालु 'भए प्रगट कृपाला दीन दयाला...' भजन पर भावविभोर होकर झूम उठे और श्रीराम जन्मोत्सव की खुशियां मनाई। हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन ने बाल स्वरूप भगवान श्रीराम का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माल्यार्पण कर पूजन किया।

कथा में दशरथ के महलों में भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न जन्मोत्सव का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाते हुए नृत्य कर उत्सव मनाया। कथा स्थल को रंग-बिरंगे गुब्बारों और पुष्प सज्जा से आकर्षक रूप दिया गया था।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इससे पूर्व प्रातःकाल आयोजित विष्णु यज्ञ में रघुनाथ चौहान एवं बंशीलाल हैंडरिया ने यज्ञ में आहुतियां दी तथा सिद्धेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया। आश्रम परिसर में प्रतिदिन विष्णु यज्ञ, रुद्राभिषेक, हरिनाम संकीर्तन एवं काशी की तर्ज पर गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है।

## लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी महासंघ का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**आरजीएचएस, समर्पित अवकाश भुगतान और विभिन्न कर्मचारी समस्याओं के समाधान की उठाई मांग**

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर के आह्वान पर जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया।

महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने बताया कि कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठनों का समर्थन महासंघ को प्राप्त हो रहा है। संयुक्त बैठक में सरकार के कर्मचारियों के प्रति



संवेदनहीन रवैये पर रोष व्यक्त करते हुए प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया गया।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कर्मचारियों के वेतन से राशि कटौती होने के बावजूद पिछले डेढ़ माह से निजी अस्पतालों में आरजीएचएस सुविधा प्रभावी रूप से बंद पड़ी है, जिससे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कर्मचारी और पेंशनर्स इलाज के लिए परेशान हो रहे हैं। इसके अलावा वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बावजूद समर्पित अवकाश का नगद भुगतान नहीं होने, वोकेशनल प्रशिक्षकों की लंबित मांगें पूरी नहीं करने, हरियाणा मॉडल लागू नहीं करने तथा महात्मा गांधी अस्पताल में कार्यरत कंप्यूटर कर्मियों को सीएसआर में शामिल करने जैसी मांगें भी उठाई गई।

महासंघ ने मेडिकल कॉलेज नर्सिंगकर्मियों के बकाया वेतन भुगतान की मांग भी प्रमुखता से रखी। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो प्रतिदिन एक घंटे का सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गई तो प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन और कार्य बहिष्कार की घोषणा की जाएगी।

इस दौरान करण सिंह, ललित जीनगर, दिनेश खटीक, विनोद सोनी, पवन सेन, मुरलीधर शर्मा, आशीष सोनी, धनराज प्रजापत, श्रीराम साहू, गोपाल व्यास सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 13 सूत्रीय मांगों को लेकर वाहन मालिकों और चालकों का प्रदर्शन, SDM को सौंपा ज्ञापन

**भाड़ा बढ़ाने, डीजल दर संशोधन और ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की उठाई मांग**

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**

**परमेश्वर**

क्षेत्र में माल परिवहन कार्य से जुड़े वाहन मालिकों और चालकों ने बढ़ती महंगाई और परिवहन लागत को लेकर नाराजगी जताते हुए उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर 13 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। वाहन संचालकों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और धरना शुरू किया जाएगा।

निवर्तमान उपखंड अधिकारी श्री कांत व्यास ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं के समाधान के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि पिछले करीब पांच वर्षों से माल परिवहन दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, जबकि डीजल, टायर, स्पेयर पार्ट्स और रखरखाव खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में



वाहन मालिकों और चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

वाहन मालिकों ने सभी गाड़ियों के भाड़े में 10 प्रतिशत वृद्धि, 56 रुपये प्रति टन भाड़े को बढ़ाकर 80 रुपये प्रति टन करने तथा डीजल की मात्रा 1.07 लीटर प्रति टन से बढ़ाकर 1.20 लीटर प्रति टन करने की मांग रखी। इसके अलावा खाली वाहनों का वजन प्रतिदिन करने के बजाय महीने में एक बार करने, बचा हुआ डीजल बिल में जोड़ने और वाहन मालिक की सहमति से अन्य वाहन में डीजल भरने की अनुमति देने की भी मांग की गई।

ज्ञापन में पुराने कांटे से सुरेश ई होटल तक सड़क मरम्मत कराने, सुपरवाइजर एवं स्टाफ द्वारा चालकों से अभद्र व्यवहार रोकने, जेसीबी ऑपरेटर एवं ड्राइवर 24 घंटे उपलब्ध कराने और अवैध रूप से ओवरलोड चल रहे ट्रेलरों पर कार्रवाई की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

वाहन मालिकों और चालकों ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जिंदल एसए लिमिटेड लापिया प्लांट के ठेकेदार आरएलआर इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

ज्ञापन देते समय शंकर लाल जाट, आमिर खान, कमलेश, भगवानलाल गाडरी, शोभाराम, अहसान, बंशी, प्रहलाद, नारायण और बद्रीलाल सहित कई वाहन मालिक एवं चालक मौजूद रहे।

# दो साल से चम्बल पानी को तरसे दो मोहल्ले

**मंत्री और तेली मोहल्ले में पेयजल संकट गहराया, लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

कस्बे के मंत्री मोहल्ला और तेली मोहल्ला क्षेत्र में पिछले करीब दो वर्षों से चम्बल पेयजल योजना का लाभ नहीं मिलने से स्थानीय लोग गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों को निजी टैंकरों और हैंडपंपों के सहारे पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। समस्या को लेकर सतीश मंत्री ने जलदाय विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द समाधान की मांग उठाई है।

मंत्री ने बताया कि क्षेत्र में चम्बल



पेयजल सप्लाई लंबे समय से बाधित है। कई बार विभागीय अधिकारियों को मौखिक और लिखित शिकायतें देने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि मोहल्लेवासियों को मजबूरी में दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ संकट और गहरा गया है। कई-कई दिनों तक नलों में पानी नहीं आता और जब सप्लाई होती भी है तो बेहद कम प्रेशर से पानी पहुंचता है। इससे घरेलू कार्यों के साथ दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार हर घर तक पेयजल पहुंचाने के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके उलट हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मंत्री और तेली मोहल्ले की पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# भीषण गर्मी में बूंद-बूंद को तरसे लोग, बाकरा पंचायत में दर्जनों हैंडपंप खराब

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



भीषण गर्मी के दौर में ग्राम पंचायत बाकरा क्षेत्र के ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पंचायत क्षेत्र में दर्जनों हैंडपंप खराब पड़े होने के बावजूद जलदाय विभाग और ग्राम पंचायत द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी समस्या समाधान की बजाय आंखें मूंदे बैठे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि माता मंदिर मोहल्ले में पिछले करीब 15 दिनों से हैंडपंप खराब पड़ा है, जिससे मोहल्लेवासियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं पशु चिकित्सालय के पास, श्मशान घाट क्षेत्र, राजपूत मोहल्ला तथा हीरालाल मेघवंशी के मकान के पास सहित पंचायत क्षेत्र के कई स्थानों पर लगे हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है, लेकिन विभागीय अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति में लगे हैं। समय रहते हैंडपंपों की मरम्मत नहीं होने से आमजन के साथ पशुओं को भी पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़े सभी हैंडपंपों को तत्काल ठीक करवाया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# सिंधु संस्कृति की अलख लेकर शाहपुरा पहुंची गौरव यात्रा

## युवाओं में जागा संस्कृति और सनातन गौरव का जोश






**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

राजस्थान भर में सिंधी समाज को अपनी जड़ों, मातृभाषा और सनातन संस्कृति से जोड़ने का संदेश लेकर निकली 'सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा' मंगलवार देर शाम जब शाहपुरा पहुंची तो शहर का वातावरण सिंधु संस्कृति और धार्मिक उल्लास से सराबोर हो उठा।

त्रिमूर्ति स्मारक और संत कंवरराम धर्मशाला तक समाजबंधुओं ने यात्रा एवं पदाधिकारीयों का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और जयघोष के बीच पूरा माहौल 'जय झूलेलाल' और 'सिंधु संस्कृति अमर रहे' के नारों से गूंज उठा।भारतीय सिंधु सभा द्वारा निकाली जा रही इस यात्रा का उद्देश्य सिंधी समाज की नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत, संस्कृति, मातृभाषा और सनातन परंपराओं से जोड़ना है। यात्रा के शाहपुरा आगमन पर समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए।यात्रा के साथ भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर मोरवाणी, मातृशक्ति प्रदेशाध्यक्ष शोभा बसंताणी, प्रदेश प्रचार प्रभारी मूलचंद बसंताणी, सह संयोजक डॉ. प्रदीप गेहाणी, संभागीय अध्यक्ष वीरूमल पुरूसाणी तथा जिला अध्यक्ष परमानंद गुरनानी भीलवाड़ा के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुलाब वानी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**'नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना ही सबसे बड़ा लक्ष्य '--**

संत कंवरराम धर्मशाला में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर मोरवाणी ने कहा कि सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक यात्रा नहीं, बल्कि समाज जागरण का विराट अभियान है। उन्होंने कहा कि आज आधुनिकता की दौड़ में नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और मातृभाषा से दूर होती जा रही है। ऐसे समय में समाज को अपनी पहचान बचाने के लिए एकजुट होकर आगे आना होगा।उन्होंने कहा कि सिंधी समाज की संस्कृति त्याग, सेवा, व्यापारिक नैतिकता और सनातन मूल्यों से समृद्ध रही है। इस गौरवशाली विरासत को युवाओं तक पहुंचाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

सिंधु संस्कृति गौरव रथ यात्रा के सहसंयोजक डॉक्टर प्रदीप गेहानी ने कहा कि यदि समाज अपनी संस्कृति और भाषा को बचा लेता है तो उसकी पहचान सदैव जीवित रहती है।

गेहानी ने यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि 29 दिवसीय यह यात्रा राजस्थान के 31 जिलों में लगभग 5 हजार किलोमीटर का सफर तय करेगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सिंधु संस्कृति सम्मेलन, युवा संवाद, मातृशक्ति सम्मेलन और बाल संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना का संचार करना है, ताकि युवा वर्ग अपनी सभ्यता और संस्कारों को समझ सके। उन्होंने समाजबंधुओं से अधिकाधिक संख्या में यात्रा से जुड़ने और आने वाली पीढ़ी को सिंधी संस्कृति के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने सिंधी भाषा के कोर्स तथा बाल संस्कार शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी से जुड़ने का आह्वान किया

**मातृशक्ति निभा रही अहम भूमिका--**

मातृशक्ति प्रदेशाध्यक्ष शोभा बसंताणी ने कहा कि समाज की संस्कृति और संस्कारों को घर-घर तक पहुंचाने में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि बाल संस्कार शिविरों के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति, सिंधी परंपराओं और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है। बड़ी संख्या में महिलाएं इन शिविरों के संचालन और आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

**सिंधु दर्शन यात्रा की भी दी जानकारी--**

प्रदेश प्रचार प्रमुख एवं सिंधु दर्शन यात्रा प्रभारी मूलचंद बसंतानी ने आगामी माह प्रस्तावित सिंधु दर्शन यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा समाज को अपनी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज को अपनी संस्कृति और इतिहास पर गर्व होना चाहिए तथा इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**त्रिमूर्ति स्मारक पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि--**

यात्रा त्रिमूर्ति स्मारक पहुंची, जहां अतिथियों और समाजजनों ने क्रांतिकारी बारहठ बंधुओं की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान देशभक्ति और समाज जागरण का संदेश भी दिया गया। बाद में धर्मशाला में आयोजित समारोह में प्रताप सिंह भारत सेवा संस्थान के सचिव कैलाश सिंह जाड़ावत ने सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर मोरवानी का अभिनंदन करते हुए बारहठ परिवार का साहित्य स्मृति चिन्ह भेंट किया.

**समाज की एकजुटता का दिखा भव्य नजारा--**

संत कंवरराम धर्मशाला में आयोजित समारोह में पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा के अध्यक्ष लीलाराम वासवानी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन मूलचंद पेसवानी ने किया, जबकि अंत में सिंधु सभा अध्यक्ष चेतन चंचलानी ने आभार व्यक्त किया। समारोह में पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव नरेश लखपतानी, कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी, सभा की मातृ शक्ति अध्यक्ष शिल्पा सामतानी सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति और युवा वर्ग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में सिंधी समाज की एकजुटता, संस्कृति के प्रति समर्पण और युवाओं में बढ़ता उत्साह साफ दिखाई दिया। समारोह में सिंधु सभा की मातृ शक्ति अध्यक्ष शोभा बसंतानी में शाहपुरा की गुरुयानी का भी अभिनंदन किया.

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों ने उठाई आवाज, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**




**(नरेश धाकड़)** उपखंड क्षेत्र के सलावटिया, आरोली एवं नगर के केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं ने उपखंड अधिकारी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंप अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और जनस्वास्थ्य पर पड़ रहे उसके प्रभाव को लेकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया।

ज्ञापन में बताया गया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिना उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं नियमों की पूर्ण पालना के दवाइयों की बिक्री की जा रही है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। साथ ही छोटे दवा व्यापारियों और स्थानीय केमिस्टों के सामने आर्थिक चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। केमिस्टों ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान जारी कुछ विशेष प्रावधानों का वर्तमान समय में गलत उपयोग किया जा रहा है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा अत्यधिक छूट जैसी नीतियों से छोटे व्यापारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने, फर्जी एवं अप्रमाणित ई-प्रिस्क्रिप्शन पर कार्रवाई करने, होम डिलीवरी के माध्यम से अनियंत्रित दवा वितरण पर प्रतिबंध लगाने तथा छोटे व्यापारियों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग रखी गई।दवा विक्रेताओं ने कहा कि जनस्वास्थ्य और मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि है तथा सरकार को इस विषय पर शीघ्र प्रभावी कदम उठाने चाहिए। इस दौरान कई दवा व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आजाद नगर माहेश्वरी महिला मंडल की अनूठी पहल, लगाए 40 परिंडे, पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




भीषण गर्मी को देखते हुए आजाद नगर माहेश्वरी महिला मंडल ने पक्षियों के संरक्षण के लिए सराहनीय पहल की है। संगठन की अध्यक्ष प्रेम सुधा एवं सचिव सुनीता ईनाणी के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 40 परिंडे (पानी के बर्तन) लगाए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेम सुधा ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी और दाना जुटाना बेहद कठिन हो जाता है, जिससे उनके जीवन पर संकट मंडराने लगता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संगठन ने यह अभियान शुरू किया है, ताकि पक्षियों को राहत मिल सके। सचिव सुनीता ईनाणी ने बताया कि लगाए गए परिंडों में नियमित रूप से स्वच्छ पानी और दाना उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संगठन की महिलाएं निभाएंगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था करें। इस अभियान में महिला संगठन की सदस्य डॉ. राखी राठी, प्रीति चांडक, सुमन चौधरी, गोरी जागेटिया, संगीता काखानी, शीतल बिरला, कविता समदानी, शीतल अजमेरा, विद्या अजमेरा, उषा तोतला, पिंकी जगेटिया एवं मान कंवर काबरा ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

## QUICK BITES

### ढ़ेलाणा में धूमधाम से निकाली चारभुजा नाथ की शोभायात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे के निकटवर्ती ढ़ेलाणा गांव में बुधवार को चारभुजानाथ की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई । ग्रामीण मांगीलाल जाट ने बताया कि ढ़ेलाणा गांव में सायं साढ़े चार बजे चारभुजानाथ मंदिर से ढ़ोल नगाड़े व डीजे के साथ चारभुजानाथ की शोभायात्रा शुरू हुई, जो बादल्या श्याम, बालक देवजी, बालाजी चौंक, नेशनल हाईवे, बड़ला रोड़, मेन बाजार, तेजाजी चौक व सगस जी चौंक होते हुए गुजरी । शोभायात्रा में भक्तगण भगवान के भजनों पर नाचते गाते हुए चले, वही जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया । इस दौरान लालाराम जाट, रामेश्वर जाट, जगदीश लोहार, भंवर दास वैष्णव, नंदराम दास वैष्णव, बद्रीलाल जाट, भैरु जाट, अम्बालाल जाट, गोपाल जाट, प्रभु जाट, नारायण जाट, शंकरलाल जाट, सांवर वैष्णव, छोटू जाट, श्यामलाल जाट, मनीष जाट, संजय जाट आदि कई मौजूद रहे ।।

### सोपुरा में कल कलशयात्रा के साथ विष्णु महायज्ञ होगा शुरू, 25 को तेजाजी महाराज की मूर्ति व कलश स्थापना

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे के निकटवर्ती जाटों का सोपुरा गांव में तेजाजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर में तेजाजी महाराज की मूर्ति स्थापना एवं शिखर पर स्वर्ण कलश की स्थापना को लेकर 21 मई को कलशयात्रा निकाली जाएगी । ग्रामीणों ने बताया कि वासियों के द्वारा तेजाजी महाराज के मंदिर का निर्माण पूर्ण होने पर 25 मई सोमवार को मंदिर में मूर्ति व शिखर पर कलश की स्थापना की जाएगी । इसको लेकर पांच दिवसीय पंच कुण्डीय विष्णु महायज्ञ एवं स्वर्ण कलश स्थापना की शुरुआत कल 21 मई गुरुवार को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी । कल गुरुवार को 15 गांवों की तेजा गायन की टीम द्वारा तेजाजी महाराज के जीवन की गाथा का बखान किया जाएगा । शुक्रवार रात्रि में प्यारेलाल गोस्वामी एंड पार्टी द्वारा निर्गुणी भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी । शनिवार रात्रि को भूरालाल एंड पार्टी द्वारा अलगोजा पर तेजा गायन किया जाएगा । रविवार रात्रि को पन्नालाल सालवी एंड पार्टी के द्वारा बगड़ावत गाथा का बखान किया जाएगा । सोमवार रात्रि में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें सोहन चौधरी चित्तौड़गढ़, कानू पंडित राजसमंद, कवयित्री कोमल नाजुक बरेली उत्तर प्रदेश, संजीव संजल भीलवाड़ा, अजय हिंदुस्तानी मध्य प्रदेश, ओम आदर्शी बनेड़ा, प्रभु प्रभाकर भीलवाड़ा, अंशुमान आजाद निम्बाहेड़ा व मनीष सुखवाल मांडलगढ़ अपनी काव्य रचनाओं का पाठ करेंगे । सोमवार 25 मई प्रातः 7:00 बजे तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व स्वर्ण कलश की स्थापना होगी ।।

### निंबार्क आश्रम में 2 जून को होगा भव्य 'मिल्करोज वितरण' कार्यक्रम, महंत श्री मोहन शरण जी शास्त्री के सानिध्य में बंटेगी मिठास

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर के गांधी नगर स्थित निम्बार्क आश्रम में आगामी 2 जून को एक भव्य और दिव्य 'मिल्करोज वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक और सेवाभावी आयोजन निंबार्क आश्रम के महंत श्री मोहन शरण जी शास्त्री के पावन सानिध्य में संपन्न होगा।

मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, सेवा और भक्ति की भावना को बढ़ावा देना है।

यह आयोजन 2 जून को शाम 4:00 बजे से निम्बार्क आश्रम, गांधी नगर, भीलवाड़ा में होगा। भक्ति और सेवा का संगम 'राधा नाम की मधुरता, कृष्ण प्रेम की मिठास' के संदेश के साथ आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है। सभी धर्मप्रेमियों और आम जनता से अपील की है कि वे शाम 4 बजे निम्बार्क आश्रम पहुंचकर इस दिव्य सेवा कार्य में सहभागी बनें और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य का लाभ उठाएं।

### स्मार्ट डिजिटल बोर्ड से बच्चों को सिखाई जा रही पढ़ाई, रेमेडियल कोर्स में बढ़ रहा उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक**



राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय खजीना में चल रहे रेमेडियल कोर्स के तहत विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षण दिया जा रहा है। अध्यापक प्रेम चन्द शर्मा ने बताया कि कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को स्मार्ट डिजिटल बोर्ड के जरिए हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा का ज्ञान देने के साथ-साथ गणित में जोड़, बाकी, गुणा और भाग का अभ्यास कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार की शिक्षण पद्धति से बच्चों की सोचने-समझने की क्षमता और बौद्धिक विकास में सकारात्मक बढ़ोतरी हो रही है। बच्चे भी उत्साह के साथ विद्यालय पहुंचकर अध्ययन कर रहे हैं।

विद्यालय में यह एक माह का रेमेडियल कोर्स अध्यापक हरि लाल जोशी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कमजोर विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव मजबूत करना है।

### जनगणना 2027: मेजा गांव में मकान सूचीकरण कार्य का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' का कार्य जिलेभर में जारी है। इसी क्रम में बुधवार को तहसील मांडल के राजस्व ग्राम मेजा में चल रहे मकान सूचीकरण कार्य का उप जिला जनगणना अधिकारी डॉ. सोनल राज कोठारी एवं मास्टर ट्रेनर वीरेंद्र शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में कार्यरत फील्ड ट्रेनर, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान प्रगणकों द्वारा ॥स्ह ऐप में की जा रही प्रविष्टियों, जनगणना भवन क्रमांक तथा परिवार संबंधी विवरण संकलन कार्य का मौके पर अवलोकन किया गया। उप जिला जनगणना अधिकारी डॉ. कोठारी ने प्रगणकों को निर्देश दिए कि ॥स्ह ऐप में सावधानीपूर्वक एवं त्रुटिरहित प्रविष्टियां सुनिश्चित की जाएं। साथ ही कोई भी मकान या परिवार सूचीकरण से वंचित न रहे तथा निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर जनगणना के महत्व की जानकारी भी दी और आमजन से जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।